तापमान

अधिकतम 27.0 डिग्री

न्यूनतम 17.0 डिग्री

# हरिभूमि कांकेर भूमि

रायपुर, रविवार, 29 दिसंबर 2024

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा

14 अंतागढ़ में 51 कुंडीय गायत्री महायज्ञ की तैयारी पूर्ण...



14 एनसीसी केडेट्स व 18 कर्मचारियों को दिया...



## खबर संक्षेप



### विधायक ने इमलीपारा की पेयजल संकट को मिटाया

**सरोना।** विकासखंड नरहरपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत जामगांव इमलीपारा के ग्रामीणो को नल-जल योजना के मोटर खराब होने के चलते पेयजल की समस्याएं बनी हुई थी। पेयजल की किल्लत की जानकारी मिलते ही विधायक आशाराम नेताम ने अपने स्वयं के खर्चे पर जामगांव इमली पारा के नल-जल योजना के पानी टंकी में 5 एचपी मोटर लगवाया, जिससे ग्रामीणों को नल जल योजना के तहत पानी मिल रहा है। विधायक के कार्य से ग्रामवासियों में खुशी की लहर है। ग्रामीणों ने कहा कि क्षेत्र को ऐस विधायक पहली बार मिला है।

### साल्हेभाट में कल से शुरू होगी क्रिकेट प्रतियोगिता



**कांकेर।** न्यू स्टार नाईट क्लब साल्हेभाट के द्वारा पंचायत स्तरीय टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का 30 दिसम्बर को शुभांरभ किया जाएगा और समापन 6 जनवरी को होगा। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 20001 रूपएं एवं ट्राफी, द्वितीय पुरस्कार 10001 रूपएं एवं ट्राफी और तृतीय पुरस्कार 5001 रूपएं एवं ट्राफी साथ ही मेन ऑफ द मैच 501 रूपएं रखा गया है। समिति के पदाधिकारी शिशुपाल कोमरे, गिरिवर साहू, नरेन्द्र शोरी, जितेन्द्र शोरी और योगेश कुंजाम ने जानकारी दिया है।

### फांसी लगाकर दी जान, मर्ग कायम

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत बागोड़ निवासी 23 वर्षीय लिलिमा सलाम ने 27 दिसंबर को फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। बागोड़ निवासी 28 वर्षीय गौतम सलाम ने पुलिस को बताया कि मृतिका ने अज्ञात कारणो के चलते फांसी आत्महत्या कर लिया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है। पुलिस को प्रारंभिक जाँच में फांसी लगाने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। विस्तृत जाँच में ही फांसी लगाने का कारण पता चल सकेगा।

### स्कार्पियों चालक के खिलाफ मामला दर्ज

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतर्गत नारायणपुर खंडी नदी के पास 27 दिसंबर को दोपहर करीबन 3 बजें आरोपी वाहन क्रमांक सीजी 20 जे 7215 के चालक ने अपनी वाहन को तेज ▶▶|शेष पेज 12 पर

# मौसम विभाग की चेतावनी : कांकेर जिले में तीन दिनों तक बूंदा-बांदी के आसार

## पश्चिमी विक्षोभ का ऐसा प्रभाव, 2 से 8 डिग्री तक गिरेगा तापमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कांकेर

मौसम में बड़ा उतार-चढ़ाव होने जा रहा है। पिछले दो दिनों से आसमान पर छाई बदली और धूप ने ठंड को काफी कम कर दिया है। मौसम विभाग ने आगामी तीन दिनों में बारिश की संभावना जताई है। इसके चलते तापमान में भी गिरावट आ सकती है। मौसम विभाग ने कांकेर जिला के साथ-साथ 11 जिलों में एलर्ट जारी किया है, जहां तापमान 2 डिग्री सेल्सियस से 8 डिग्री सेल्सियस तक गिर सकता है।

मौसम विभाग के मुताविक एक पश्चिमी विक्षोभ 60 डिग्री पूर्व और 17 डिग्री उत्तर में 3.1 किलोमीटर से 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक स्थित है। इसके प्रभाव से जिला व प्रदेश में हवा की दिशा में परिवर्तन हो गया है।, जिसके कारण बंगाल की खाड़ी से प्रचुर मात्रा में नमी आ रही है। जिले के कुछ ईलाको में आज व कल कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छीटे पड़ने की संभावना है। जिले में न्यूनतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है।

मौसम के हालात इन दिनों अजब-अजब सा है। दिन में अचानक धूप निकल आती है और बदली छा जाती है। ऐसा लगने लगता है कि बारिश हो जाएगी लेकिन कुछ देर बाद बादल छूट जाते हैं। शाम और रात को भी ठंड गायब सा है। लोगों को रात में पंखा चलाना पड़ रहा है। कंबल का उपयोग करना बंद हो गया है। स्वेटर और गरम कपड़े के बिना ही काम चल रहा है।

### एक के बाद शीतलहर की संभावना

मौसम विभाग के मुताबिक उत्तर छतीसगढ़ में 1 जनवरी से कुछ पैकेट में शीत लहर चल सकती है, वहीं 2 जनवरी से कांकेर सहित प्रदेश के अन्य जिलो में भी ठंड का पीक शुरू होगा। इसी के साथ ही प्रदेश के अधिकांश भाग में न्यूनतम तापमान में 6-8 डिग्री तापमान में गिरावट आ सकती है। कड़ाके की ठंड का एहसास 2 जनवरी से शुरू हो जाएगा।



### 29 से वर्षा की बन रही स्थिति

मौसम विभाग के मुताबिक कांकेर जिला सहित प्रदेश के अन्य जिलो में भी पश्चिमी विक्षोभ के कारण 29 दिसंबर को दक्षिण छत्तीसगढ़ में वर्षा होने की संभावना बनी हुई है। 29 दिसम्बर से प्रदेश के न्यूनतम तापमान में गिरावट का दौर प्रारम होने की संभावना है।

## सियासत : कांकेर में ओबीसी वर्ग से बनाया जा सकता है अध्यक्ष

# भाजपा जिला अध्यक्ष का पैनल पहली बार दिल्ली पहुंचा, आज-कल में घोषणा संभव

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कांकेर

■ सामान्य वर्ग के सभी दावेदार हो सकते हैं मायूस

जिला भाजपा संगठन के लिए कांकेर को जल्द ही नया अध्यक्ष मिल सकता है। जिला संगठन से पैनलों में नाम जाने के बाद शुक्रवार को रायपुर के प्रदेश कार्यालय में केन्द्रीय पर्यवेक्षक गजेन्द्र सिंह की उपस्थिति में प्रदेशभर से पहुँचे जिला अध्यक्षों के नाम के पैनल में दिनभर चर्चा की गई। सकारात्मक परिणाम नहीं आने के चलते इस बार ऐसा पहली बार हुआ है कि पैनलों के नाम दिल्ली भेजे गए और ऐसी संभावना जताई जा रही है कि दिल्ली से ही जिला अध्यक्षों के नामों की घोषणा भी कर दी जाएगी।

उल्लेखनीय है कि भाजपा जिला संगठन द्वारा पिछले पांच दिन पहले ही सौ से अधिक कार्यकर्ता और वरिष्ठ नेताओं के बीच रायशुमारी किए जाने के बाद पैनल तैयार किए गए। रायशुमारी के दिन कई प्रकार के वाद विवाद की बातें भी सामने आई।




जिला चुनाव अधिकारी ने सह चुनाव अधिकारी के बजाए जिलाध्यक्ष को आमंत्रित को बुलाने की जिम्मेदारी दिया था, इसके चलते आपेक्षित भाजपा के वरिष्ठों को रायशुमारी में बुलाया ही नहीं गया। रायशुमारी के बाद पैनल में आए नाम प्रदेश संगठन को भेजे गए। जिला से नाम प्रदेश में जाने के बाद ऐसी उम्मीद थी कि एक दो दिन में घोषणा भी हो जाएगी, लेकिन सहमति नहीं बनने के चलते नाम की घोषणा नहीं हो पाई। बताया गया कि शुक्रवार को केन्द्रीय पर्यवेक्षक की अगुवाई में बैठक बुलाई गई, लेकिन अंतिम निर्णय नहीं लिए जाने के चलते आला नेताओं ने पूरा पलड़ा केन्द्र के पाले में डाल दिया है। ऐसे में केन्द्रीय पर्यवेक्षक को छग के जिला अध्यक्षों के लिए दिल्ली तक दौड़ लगानी पड़ेगी। प्रदेश संगठन ने पूरा लिफाफा ओके करके भेज दिया, सिर्फ हो हल्ला से बचने के लिए नाम दिल्ली पर ठीकरा फोड़ा गया।

### 30 के पहले करनी है जिलाध्यक्ष की घोषणा

जिला भाजपा संगठन द्वारा चुनाव के लिए तैयार किए गए कार्यक्रम के तहत बूथ, मंडल और अब जिला संगठन के लिए 30 दिसंबर तक चुनाव व घोषणा करने की तिथि तय की गई हैं। ऐसे में संभावना है कि आज व कल में कांकेर भाजपा संगठन को नए अध्यक्ष मिल सकते हैं। सूत्रों ने बताया कि कांकेर भाजपा संगठन द्वारा भेजे गए नामों पर केन्द्रीय नेतृत्व द्वारा गंभीरता से विचार किया जा रहा है, जिसमें पूर्व के कार्यकाल, सोशल इंजीनयरिंग व उम्रदराज भी शामिल है। ऐसी चर्चा है कि कांकेर में अध्यक्ष पद के लिए ओबीसी पर अंतिम मुहर लग सकती हैं। ओबीसी पर मुहर लगने के चलते सामान्य वर्ग के दावेदारों को झटका लगेगा, इस वर्ग को प्रदेश में समायोजन नहीं किया गया तो यह तय है कि आने वाले समय में कई समीकरण बिगड़ सकते है।

### टेकेश्वर हो सकते हैं अध्यक्ष

विगत दिनों जिला भाजपा कार्यालय में रायशुमारी के बाद कई नामों पर चर्चा चली। यह चर्चा है कि प्रदेश संगठन ने यह निर्णय लिया कि कांकेर में ओबीसी वर्ग से अध्यक्ष होगा। ओबीसी वर्ग से महेश जैन, दिलीप जायसवाल और टेकेश्वर जैन के नाम पर अंतिम चर्चा हुई। हरिभूमि को सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कांकेर के नए जिलाध्यक्ष टेकेश्वर जैन हो सकते है, वर्तमान में मोर्चा में प्रदेश के पदाधिकारी है।

# चोरी का मोटरसायकिल बरामद आरोपी को जेल दाखिल किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶|चारामा

थानांतर्गत चारामा के ग्राम जैसाकर्रा मेनरोड में मोटर सायकल की चोरी करने वाले चोर को पुलिस ने गिरफ्तार किया और न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया। आरोपी के कब्जे से मोटर सायकल को जप्त किया गया है।


जानकारी के अनुसार चारामा थाना में चोरी की शिकायत करने 10 सितंबर को पहुंचे नाकापारा चारामा निवासी रामकिशोर देवांगन पिता जगतराम देवांगन ने पुलिस को बताया था कि 9 सितंबर की शाम को मोटर सायकल को सिंग कृषि फार्म कर्मा भवन के सामने मेन रोड जैसाकर्रा के पास खड़ी करके मकान के अंदर गया था और अपना काम निपटाकर कुछ देर बाद वापिस आया, मैने जहाँ पर मोटर सायकल को खड़ा किया था, वहाँ पर मेरी मोटर सायकल वाहन क्रमांक सीजी 05 एन 3439 नहीं थी। आसपास पतासाजी किया, परंतु कुछ भी पता नहीं चलने पर इसकी जानकारी चारामा पुलिस को दिया गया। चारामा पुलिस ने मेरी शिकायत पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 379 भादवि कायम कर विवेचना मे लिया था। पुलिस को जाँच में पता चला कि चोरी हुई मोटर सायकल बेवर्ती के एक व्यक्ति के पास देखी गई है। पुलिस ने मिली सूचना के आधार पर बेवरती निवासी 37 वर्षीय रामस्वरूप नेताम पिता स्व. राजकुमार नेताम हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया।

संदिग्ध व्यक्ति पहले इधर उधर की बात करता रहा, परंतु जब सख्ती बरती गई, तब उसने मोटर सायकल चोरी करना कबूल किया। आरोपी के द्वारा बताए गए स्थल से मोटर सायकल को जप्त किया गया। आरोपी चोर को गिरफ्तार करते हुए न्यायालय पेश किया गया और न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

आरोपी चोर को पकड़ने में सउनि प्रदीप यादव, आरक्षक जितेन्द्र नाग, मंगलेश्वर वट्टी, बलराम सिन्हा का योगदान रहा है।

# कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव ने व्यक्तिगत कारणों का हवाला देते हुए दिया इस्तीफा

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कांकेर




■ नगरीय निकाय चुनाव के पहले इस तरह के इस्तीफे आने से कांग्रेस में हलचल बढ़ेगी

कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव दिलीप खटवानी ने व्यक्तिगत कारणों का हवाला देते हुए शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष को कांग्रेस की सदस्यता से त्यागपत्र लिखित में दे दिया है। पूर्व प्रदेश सचिव ने त्यागपत्र देने का कारण व्यक्तिगत बताया है। इसके पहले कई कांग्रेसी से इस्तीफा देकर भाजपा के कार्यक्रमों में नजर आते रहते है, परंतु भाजपा ने आज तक उनको स्वीकार नहीं किया है। नगरीय निकाय चुनाव के पहले इस तरह के इस्तीफे आने से कांग्रेस में हडकंप मचना तय है। कांकेर शहर के 2003 से 2005 तक अध्यक्ष, 2005 से 2010 तक जिला महामंत्री, 2014 से 2013 तक प्रदेश सचिव और 2022 से 2023 तक छत्तीसगढ़ सिंधी साहित्य अकादमी के सदस्य रह चुके दिलीप खटवानी ने 28 दिसंबर को कांग्रेस कमेटी के शहर अध्यक्ष मनोज जैन को लिखित त्यागपत्र सौंपा है, उसमें उन्होने लिखा है कि पिछले 40 वर्षो से कांग्रेस पार्टी का सदस्य हूँ और समय समय पर पार्टी ने जो भी जिम्मेदारी दिया है, उसे मैने पूरी ईमानदारी से निभाया है, परंतु मैं आगे राजनीति में व्यक्तिगत कारणों से सक्रिय नहीं रहना चाहता, इसलिए कांग्रेस पार्टी के प्राथमिक सदस्यता से त्यागपत्र दे रहा हूँ। त्यागपत्र देने का कारण व्यक्तिगत बताया गया है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिलीप खटवानी से हरिभूमि ने इस विषय पर बात किया तो उनका कहना है कि लिखित में जो कारण उल्लेखित किया है, वहीं मुख्य विषय है। विदित हो कि कांग्रेस में विगत पाँच साल से संगठन में कोई बदलाव नहीं होने के चलते कांग्रेसियों में मायूसी ▶▶|शेष पेज 12 पर

# कार की ठोकर से बाइक चालक गंभीर, पुलिस विवेचना जारी





**कांकेर।** सप्ताहभर से सड़क दुर्घटनाओं का सिलसिला चलते आ रहा है। रोज एक से ज्यादा सड़क दुर्घटना के मामले सामने आ रहें है, जिसमें कई जाने जा रही है और कई गंभीर रूप से घायल हो रहें है। कांकेर थानांतर्गत कोड़ेजुंगा बाईपास रोड में मिनी राईस मिल के पास कांकेर से रायपुर की ओर जा रही चार पहिया वाहन से माकड़ी की ओर से आ रही बाईक के बीच जबरदस्त भिडंत हो गया। भिड़ंत में बाईक चालक को गंभीर चोट आई है। जानकारी के अनुसार कोड़ेजुंगा बाईपास रोड में 28 दिसंबर को सायं साढ़े 5 बजे कांकेर से रायपुर की जा रही वाहन क्रमांक सीजी 19 बीजे 1776 से माकड़ी की ओर से आ रही बाईक वाहन क्रमांक सीजी 19 बी 6718 के बीच जबरदस्त टक्कर हो गया। कार चालक बहुत तेज गति से था और मोटर सायकल को देखकर नियंत्रण खो दिया और मोटर सायकल को टक्कर मार दिया, जिसमें मोटर सायकल चालक टिकरापारा निवासी 38 वर्षीय रमेश सेमरे पिता ▶▶|शेष पेज 12 पर

# बड़े पिंजोड़ी में करंट से युवक की मौत लाइन मैन की लापरवाही हुई उजागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कांकेर

आमाबेड़ा थानांतर्गत बड़ेपिंजोड़ी में बिजली खंभे में चढ़कर तार जोड़ने के दौरान अचानक करेंट की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। मौत की खबर मिलने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पीएम करवाकर शव को परिजनों को सौंपा और विवेचना में जुट गई।

आमाबेड़ा पुलिस ने विवेचना में पाया गया कि लगभग दो माह पहले 27 अक्टूबर की शाम साढ़े 6 बजें मृतक बड़े पिजोंड़ी निवासी 20 वर्षीय सुकीराम ध्रुव पिता स्व. रैयपाल ध्रुव बिजली के खंभे में तार को जोड़ने के लिए चढ़ा, तार को जोड़ते समय करेंट की चपेट में आने से युवक खंभे से जमीन में गिर गया



था, जिसे ईलाज के लिए संजीवनी 108 वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अंतागढ़ भेजा गया था। आमाबेड़ा के चिकित्सकों ने परीक्षण करते हुए परिजनों को बताया कि युवक की मौत हो गई है। पुलिस ने मर्ग कायम किया और विवेचना में लिया। विवेचना में पुष्टि हुई कि मृतक सुकीराम ध्रुव लापरवाही पूर्वक बिजली के खंभे में चढ़कर, बिजली तार को जोड़ने की कोशिश कर रहा था। खंभे के तार में प्रवाहित करेंट के चपेट में आने से जमीन में गिर गया, जिससे उनकी मृत्यु हो गई। मर्ग जांच पर से आरोपी मृतक के खिलाफ धारा 106 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। ग्रामीण ईलाको में कई गांव के लोग आज भी खंभे या बांस के माध्यम से डायरेक्ट बिजली के तार को जोड़कर कनेक्शन लिए हुए है, इसकी जानकारी ग्रामीण ईलाके मे तैनात लाईन मैन को है, परंतु लाईन मैन कार्यवाही करने के बजाए, उनको उसी हालत में छोड़ देते है। लापरवाही से युवक की हुई मौत पर पुलिस ने विभाग की जिम्मेदारी तय नहीं किया और उसी का परिणाम है कि विभाग का अमला गंभीरता नहीं दिखाता और ग्रामीण ईलाके में इसी तरह से करेंट लगने से लापरवाही के चलते कई मौत हो चुकी है।

## हिदायत देने के बाद दो अवैध खदानों से रेत का हुआ उत्खनन

# रेत खदानों के अवैध संचालन मामले में एसडीएम ने सरपंचों को दी हिदायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कांकेर

■ नेताओं के दम पर अवैध खदान संचालक कर रहे दबंगई

चारामा क्षेत्र में रेत की 15 खदानें खनिज विभाग से परमीशन लेकर संचालित है, वहीं 5 खदानें बिना परमीशन के संचालित है, यह खदानें सरपंच के संरक्षण में चल रही है। सरपंच का संरक्षण नहीं होता, तो यह खदानें संचालित हो पाना संभव नहीं होती। एसडीएम और खनिज अधिकारी ने 27 दिसंबर को संचालित खदानों के सरपंच की बैठक लेकर हिदायत दिया था कि अवैध खदान नहीं चलनी चाहिए, इसके अलावा दो दिनों तक रात 8 बजे के बाद उत्खनन कार्य नहीं होना चाहिए। अधिकारियों के हिदायत देने के बाद भी बीती रात को 11 बजे तक तेलगुड़ा और खरथा के नीचे अवैध खदान चलती रही। खनिज अधिकारी बजरंग पैकरा एवं एसडीएम नरेंद्र बंजारा ने तहसील कार्यालय में 27 दिसंबर को दोपहर 3 बजे सभी 15 खदान के संचालक व सरपंच की बैठक लिया।

इस दौरान सभी के मोबाईल नीचे रखवा दिए गए थे, जिससे न तो कोई फोटो खींच सके और न ही कोई बैठक की बात को रिकार्ड कर सके। बैठक के बाद बाहर निकलने पर सरपंचों ने अपने आकाओं को चर्चा करते हुए बताया कि अधिकारियों ने हिदायत दिया है कि शुक्रवार, शनिवार और रविवार को रात 8 बजे के बाद चैन माउंटेन से रेत नहीं निकाली जाएगी। इसके अलावा बिना रायल्टी के एक भी हाईवा का परिवहन नहीं किया जाएगा। हिदायत के बाद शिकायत मिली तो कार्यवाही होना तय है। अधिकारियों की हिदायत देने के बाद शुक्रवार 27 दिसंबर की रात को तेलगुड़ा और खरथा में रात 11 बजे रेत का उत्खनन व परिवहन किया गया। खरथा में नर्सरी में हाईवा खड़ी कर दी जाती है और अंधेरा होने के बाद रेत उत्खनन कर परिवहन होता है, यह खदान पूर्ण रूप से अवैध ढंग से संचालित है। अधिकारियों के हिदायत देने के बाद इन दोनो खदानों से रेत के परिवहन होने पर अन्य खदान के संचालक रात को अधिकारियों को फोन करते रहे, परंतु किसी भी अधिकारी ने काल रिसीव नहीं किया, ऐसी चर्चाएं चारामा में शनिवार 28 दिसंबर को दिनभर होती रही। इस मामले में जानकारी लेने के लिए एसडीएम नरेंद्र बंजारा के मोबाईल नंबर 7566302134 से संपर्क करने का प्रयास किया, परंतु कॉल रिसीव नहीं हुआ।



जिले के बाहर के रेत माफियाओं ने लाखों में खरीदी अवैध रेत खदान

अवैध ढंग से संचालित रेत खदान के सरपंचों पर विभाग मेहरबान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

चारामा क्षेत्र के कई सरपंच अपने क्षेत्र में कई अवैध रेत खदान का संचालन करवा रहे है, जिससे गाँव का माहौल कई गुटो में विभक्त हो गया है। जिला पंचायत, जनपद पंचायत व एसडीएम के द्वारा सरपंचो पर शिकंजा नहीं कसने से गाँव के माहौल खराब हो रहे है और ग्रामीण सड़के भी खराब हो रही है। चारामा क्षेत्र के प्रशासन ने इस मामले में मौन साध लिया है।

जानकारी के अनुसार हरिभूमि के पास कई ऐसी फोटो आई है, जो रेत खदान स्वीकृत नहीं है, वो खदानें भी संचालित हो रही है। हरिभूमि लगातार रेत खुदाई से हो रही दिक्कतों को प्रशासन के संज्ञान में लाया है, इसके चलते इस ईलाके के कई गांव के लोग हरिभूमि को लगातार फोटो भेज रहे है और यह भी जानकारी दे रहे है कि यह अवैध खदानें सरपंच के अप्रत्यक्ष संरक्षण में चल रही है। गांव के एक गुट को भारी रकम देकर सेटल कर लिया गया है, वहीं गाँव के दूसरा गुट विवाद कर रहा है। गाँव में जो शांति का माहौल था, रेत के चलते गाँव का माहौल अशांत हो गया है। यह एक गाँव का नहीं चारामा क्षेत्र के कई गांव की ऐसी स्थिति बनी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि सरपंच गांव का मुखिया है और गांव के लोगों ने उसे चुना है। सरपंच को आगे आकर चल रही अवैध खदानों पर रोक लगाना चाहिए और रेत की चोरी को रोकना चाहिए, परंतु सरपंच ने मौन साध लिया है। अवैध ढंग से हो रही रेत उत्खनन पर सरपंच का पूरी तरह से संरक्षण है, यहाँ तक यब भी बात सामने आ रही है कि लाखों रूपयों में रेत खदान को बेच दिया गया है। यह लाखों रूपएं गांव में किसके पास है, इसकी जाँच चारामा के प्रशासन को करना चाहिए।

सामाजिक भवनों में आपरेटरों का कब्जा

सांसद व विधायक निधि से बनने वाले सामाजिक भवन सामाजिक कार्य के लिए होते है, परंतु जिस ग्राम पंचायत में सरपंच को रेत खदान स्वीकृत हुआ है, वहाँ पर सामुदायिक भवन में चैन माउंटेन के आपरेटरों का कब्जा बना हुआ है। ऐसा कब्जा हाराडुला में देखने को मिला। हाराडुला में नदी किनारे बने सामाजिक भवन जो कुछ दिन पहले ही लोकार्पण हुआ, इसमें लोकार्पण के पहले आपरेटरों का कब्जा था। सरपंच महेंद्र गावड़े से इस विषय पर बात किया तो उनका कहना है कि समाज प्रमुखों ने दिया है, इस पर हम क्या कर सकते है। उनसे बात कर लो, उनसे जानना चाहा कि समाज के कौन प्रमुख है, तो उनका कहना था कि हम नाम आपको क्यों बताएं। सरपंच के ऐसे जवाब से उनकी कार्यशैली स्पष्ट हो रही है।

अवैध ढंग से संचालित रेत खदानें

चारामा क्षेत्र में अवैध ढंग से संचालित रेत खदानों में टाहकांपार, हाराडुला में पुल के नीचे, अरौद में मंदिर के नीचे, खरथा, करिहा बस्ती में चल रही रेत खदान खनिज विभाग से स्वीकृत नहीं है, उसके बाद भी इन स्थलों पर चैन माउंटेन लगी हुई है। इन खदानों को संचालित करने वाले भाजपा के कई नेताओं के नाम को बदनाम कर रहे है या नाम जिन नेताओं के आ रहे है, सहीं में उनका संरक्षण है, यह जाँच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा। खदान संचालक भाजपा के नाम को खराब करने में जुटे है, इससे पंचायत चुनाव में भाजपा को नुकसान होना तय है।

### 26 दिसंबर को रात में हुआ था विवाद

चारामा में यह चर्चा है कि 26 दिसंबर को तेलगुड़ा खदान से दो हाईवा भरकर आ रही थी, पेट्रोल पंप के पास दोनो हाईवा को भाजपा के कुछ नेताओं ने खाली करवा दिया, भाजपा के जिन नेताओं के नाम सामने आएं, उनसे संपर्क किया गया, परंतु संपर्क नहीं हो सका। इसी स्थल पर भाजपा नेताओं का कुछ लोगों से विवाद हो गया और विवाद मारपीट में तब्दील हो गया। मारपीट के बाद दोनो गुट थाने भी पहुँचा, परंतु रात में अपराध दर्ज नहीं हो पाया। थाना से जानकारी मिली कि नगर पंचायत अध्यक्ष प्यारे लाल देवांगन और भाजपा मंडल अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू भी साथ में थे। इस मामले में नगर पंचायत अध्यक्ष प्यारेलाल देवांगन को सही जानकारी लेने के लिए कॉल किया, परंतु कॉल रिसीव नहीं हुआ।

### शक्ति दिवस पर्व में विधायक हुए शामिल



**कांकेर।** 26 दिसंबर को अखिल भारतीय आदिवासी हल्बा हल्बी समाज के द्वारा ग्राम कोदागाँव मे शक्ति दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि की आसंदी से विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि हल्बा व हल्बी समाज एक सभ्य और शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणीय स्थान बनाए हुए है और समाज के विकास के लिए युवा सक्रिय रहते है। इस अवसर पर ज्ञानूराम भुआर्य, समाज अध्यक्ष सीताराम कोटपरिया, पंचुराम नायक, बाबूलाल फाफा, रमेश भंडारी, एसआर कोरटिया, तुमेश कुमार चिराम एवं समाज के लोग उपस्थित रहे।

पाठक सूचना

कांकेर जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

7000955574, 9098324969

## खबर संक्षेप

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए पंजीयन की तिथि में की वृद्धि

**कोण्डागांव।** छत्तीसगढ़ राज्य में अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के लिए 2024–25 सत्र में ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के पंजीकरण की तिथि बढ़ा दी गई है। यह छात्रवृत्ति कक्षा 12वीं से उच्चतर के लिए उपलब्ध है। इच्छुक विद्यार्थी 01 जनवरी से 31 जनवरी 2025 तक ऑनलाइन पंजीयन करा सकते हैं। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने जानकारी देते हुए बताया कि राज्य शासन के निर्देशानुसार शासकीय और अशासकीय महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, इंजीनियरिंग कॉलेजों, मेडिकल कॉलेजों, नर्सिंग कॉलेजों, पॉलिटेक्निक एवं आई.टी.आई. के प्राचार्यो् और छात्रवृत्ति प्रभारी द्वारा ऑनलाइन पंजीकरण, स्वी—ति और वितरण की प्रक्रिया पर की जा रही है। ऑनलाइन आवेदन नवीन व नवीनीकरण के लिए अंतिम तिथि 01 जनवरी 2025 से 31 जनवरी 2025, ड्राफ्ट प्रोपोजल लॉक करने की तिथि 01 जनवरी 2025 से 15 फरवरी 2025 तक और सेक्शन ऑर्डर लॉक करने की तिथि 01 जनवरी 2025 से 28 फरवरी 2025 तक निर्धारित की गई है।उन्होंने बताया कि निर्धारित तिथि के बाद पोर्टल बंद कर दिया जाएगा और छात्रवृत्ति संबंधी कोई भी प्रक्रिया संपन्न नहीं की जा सकेगी। यदि संबंधित संस्थाओं के विद्यार्थी इस अवधि के भीतर आवेदन नहीं करते हैं, तो वे छात्रवृत्ति से वंचित रह सकते हैं, और इसके लिए संस्था प्रमुख जिम्मेदार होंगे। विद्यार्थियों से आग्रह किया गया है कि वे समय पर सभी आवश्यक प्रक्रियाएँ पूरी करें, ताकि वे छात्रवृत्ति का लाभ उठा सकें।

### केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल का स्वागत, एम्स की मांग

**जगदलपुर।** अखिल भारतीय आर्यु विज्ञान संस्थान एम्स की स्थापना को लेकर भाजपा का प्रतिनिधि मंडल केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल से सौजन्य भेंट की। मां दंतेश्वरी एयरपोर्ट में दंतेवाड़ा एवं बीजापुर प्रवास मे जाने से पूर्व भाजपा पदाधिकारियों ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया।

एवं एम्स की स्थापना को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि यहां से 300 किलोमीटर सड़क मार्ग से रायपुर एवं विशाखापट्टनम जाना पड़ता है । जहां इलाज का खर्च अधिक होने के कारण गरीब वर्ग के लोग परेशान होते हैं। मिलने वालों में जिला अध्यक्ष रूप सिंह मंडावी, श्रीनिवास राव मद्दी, योगेंद्र पांडे, रामाश्रय सिंह, वेद प्रकाश पांडे, राजेंद्र बाजपेई एवं संग्राम सिंह राणा शामिल थे।

### सनातन जागरण की तुलसी पूजा में हुआ सुंदरकांड पाठ

**जगदलपुर।** सनातन जागरण एकता मंच के द्वारा मावली माता मंदिर में तुलसी पूजन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत संकट मोचन भक्त मंडली द्वारा सुंदरकांड , सामूहिक हनुमान चालीसा व महाआरती ने भक्तजनों को झूमने के लिए आत्म विभोर कर दिया।

## पेज 11 के शेष

### स्कार्पियों चालक...

व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए एक्सीडेंट कर दिया। एक्सीडेंट में 5 लोगो की मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 106 (1), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### कांग्रेस के पूर्व...

छाई हुई है और आंदोलन के दौरान गिने चुने ही लोग नजर आते है। नगरीय निकाय चुनाव के बाद कांग्रेस में कुछ ज्यादा ही संकट गहराने वाला है।

### कार की ठोकर...

स्व. शंकरलाल सेमरे का दाहिना पैर टूट गया। घटना की खबर यातायात विभाग को मिली, तत्काल यातायात की हाईवे पेट्रोलिंग टीम मौके पर पहुँचकर घायल मोटर सायकल चालक को अपने ही वाहन से जिला अस्पताल पहुँचाया। यातायात की टीम ने बताया कि कार चालक चंदन अहिरवार पिता गणेश अहिरवार व उसका परिवार सुरक्षित है। टक्कर होने से मोटर सायकल और कार क्षतिग्रस्त हुआ है। समाचार लिखे जाने तक किसी भी पक्ष के द्वारा कांकेर थाना में अपराध दर्ज नहीं कराया गया है।

# ओबीसी आरक्षण में कटौती का विरोध, 30 को महाबंद और कांग्रेस का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

छत्तीसगढ़ कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने बस्तर संभाग में पिछड़ा वर्ग के आरक्षण में कटौती को लेकर सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने इसे पिछड़ा वर्ग समाज के अधिकारों के साथ अन्याय और कुठाराघात बताया।

मरकाम ने कहा कि नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों में जिस तरह से पिछड़ा वर्ग के आरक्षण में कटौती की गई है। वह बेहद अन्यायपूर्ण है। उन्होंने कहा, देश की सबसे बड़ी आबादी वाले समाज को शून्य प्रतिशत आरक्षण देना पूरी तरह से अनुचित है।

## आरक्षण में कटौती पिछड़ा वर्ग समाज के साथ अन्याय : मोहन मरकाम

### केंद्र सरकार पर आरोप

मरकाम ने आरोप लगाया कि केंद्र की भाजपा सरकार छत्तीसगढ़ में पिछड़ा वर्ग को 27: आरक्षण देने में बाधा उत्पन्न कर रही है। प्रदेश सरकार ने 27: आरक्षण का विधेयक विधानसभा में पारित किया और राज्यपाल के पास भेजा। लेकिन केंद्र सरकार इसे रोकने का प्रयास कर रही है।



### महाबंद को समर्थन

मरकाम ने बस्तर में पिछड़ा वर्ग द्वारा 30 दिसंबर को आयोजित महाबंद और जंगी प्रदर्शन को कांग्रेस पार्टी का समर्थन देने की घोषणा की। उन्होंने कहा, यह लड़ाई केवल पिछड़ा वर्ग की नहीं, बल्कि पूरे बस्तर की है। भाजपा द्वारा एसटी, एससी और ओबीसी के बीच भाईचारे को तोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। जिसे बस्तरवासी सहन नहीं करेंगे।

### कांग्रेस की है प्रतिबद्धता

उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा से एसटी, एससी और ओबीसी के विकास के लिए प्रतिबद्ध रही है। हमने इन वर्गो् के उत्थान के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं और आगे भी इनके अधिकारों के लिए लड़ते रहेंगे।

### साय सरकार पर सवाल

मोहन मरकाम ने प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णुदेव साय पर निशाना साधते हुए कहा कि साय द्वारा 50: आरक्षण देने का बयान महज दिखावा था। वास्तविकता यह है कि बस्तर संभाग में पिछड़ा वर्ग को नाममात्र आरक्षण मिल रहा है। कोंडागांव नगरपालिका में पिछली बार 22 वार्डो् में 6 वार्ड पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित थे, लेकिन इस बार केवल 3 सीटें ही दी गई हैं। फरसगांव नगर पंचायत में पिछड़ा वर्ग के लिए शून्य प्रतिशत आरक्षण है, जबकि केशकाल नगर पंचायत में केवल 2 सीटें आरक्षित हैं।

*कलेक्टर, एसपी निकले शहर की बदहाल ट्रैफिक व्यवस्था की सुध लेने, दिए कई जरूरी निर्देश*

# व्यस्त चौराहों पर रोटरी बनाकर ट्रैफिक जाम से निपटने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी की बदहाल ट्रैफिक व्यवस्था तथा शहर के ऐसे चौराहे जिसकी चौड़ाई कम है, ऐसे चौराहों पर ट्रैफिक का दबाव कम करने रोटरी निर्माण कराया जाएगा। शहर की ट्रैफिक व्यवस्था का जायजा लेने कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह तथा एसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह पैदल जायजा लेने के लिए निकले। पैदल सड़कों पर निकले कलेक्टर एवं एसपी के निर्देश पर सड़कों के किनारे नो-पार्किंग जोन में खड़े वाहन, गुमटी, ठेलों को प्रहरी टीम के माध्यम ने तत्काल हटाने की कार्रवाई की गई। साथ ही जिन चौराहों पर रोटरी नहीं लगे हैं, उन स्थानों पर अस्थायी रोटरी लगाने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा सड़कों के गड्ढे एवं पेचवर्क को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए गए।

- **महिला थाना, राजीवगांधी चौक सहित कई चौराहों पर स्थायी रोटरी बनाए जाने की तैयारी**

अफसर घड़ी चौक से पैदल ट्रैफिक व्यवस्था की जायजा लेने के लिए निकले। कई स्थानों पर यातायात बाधित करने वाले पुराने वाहन को हटाने, पुराने खंबे एवं बिजली के बॉक्स, पेड़ों की छंटाई के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर डॉ. सिंह ने कहा कि सड़कों पर फ्लैक्स रखने की वजह से भी यातायात बाधित होता है, ऐसे में उन फ्लैक्स एवं बैनरों को हटाने की कार्रवाई की जाए। अफसरों ने देवेंद्र नगर, शंकर नगर एवं खम्हारडीह चौक का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप, आरटीओ आशीष देवांगन, ट्रैफिक डीएसपी गुरजीत सिंह, सतीश ठाकुर समेत अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

### इन चौराहों पर रोटरी बनाने निर्देश

- बंजारी चौक – अस्थायी रोटरी के स्थान पर पक्का रोटरी निर्माण, हाई मास्क लाईट लगाने निर्देश
- राजीव गांधी चौक – रोटरी का निर्माण किया जाना
- महिला थाना चौक – अस्थायी रोटरी के स्थान पर स्थायी रोटरी का निर्माण
- लाखे नगर चौक– स्थायी रोटरी, डिवाइडर का निर्माण, हाई मास्क लाईट लगाने निर्देश
- कमल विहाक चौक – सिग्नल लगाने निर्देश
- आमापारा चौक– अस्थायी रोटरी के स्थान पर स्थायी रोटरी, डिवाइडर निर्माण, हाई मास्क लाईट लगाने निर्देश
- स्टेशन रोड– रेलवे स्टेशन के गेट नं–1 एवं 2 के मध्य डिवाइडर



- देवेन्द्र नगर एक्सप्रेस वे ब्रिज के नीचे – स्थायी रोटरी का निर्माण
- अवंति बाई (लोधीपारा) चौक – क्रिस्टल आर्केट की ओर से आने वाले मार्ग में लेफ्ट टर्न में बाधित दुकान को अन्यत्र शिफ्ट करने निर्देश
- पंडरी कपड़ा मार्केट रोड – कपड़ा मार्केट जाने के लिए वर्तमान में केवल एक ही मार्ग है। मुख्य मार्ग के समानान्तर मार्ग में स्थित दो दुकान को हटाकर नया मार्ग का निर्माण
- खम्हारडीह थाना चौक – अस्थायी रोटरी के स्थान पर स्थायी रोटरी, हाई मास्क लाईट लगाने निर्देश
- शंकर नगर एक्सप्रेस–वे चौक – वर्तमान में लगा सिग्नल आईटीएमएस का एवं सिग्नल में वीएसी मोड नही होने के कारण सिग्नल संचालन में असुविधा, महिला थाना चौक के सिग्नल को शिफ्ट करने निर्देश
- कृष्ण कुंज – अवंति विहार तिराहा से महासमुंद बैरियर तक सर्विस रोड नही होने से रॉग साइड मुव्हमेंट होता है, जिसके कारण जाम की स्थिति निर्मित होती है। इसके लिए अवंति विहार तिराहा से महासमुंद बैरियर तक कृष्ण कुंज के सामानांतर सर्विस रोड निर्माण के निर्देश।
- रिंग रोड नं 1 – महासमुंद बैरियर से चंद्रा आईकॉन तक सर्विस रोड का निर्माण
- कमल विहार चौक देवपुरी – संतोषीनगर रोड में भारी मालवाहक वाहन प्रतिबंधित करने से कमल विहार चैक देवपुरी मार्ग में यातायात दबाव बढ़ने के साथ जाम की स्थिति। जाम से निपटने लाखे नगर चौक के सिग्नल को कमल विहार चैक में शिफ्ट करने निर्देश

# मां दंतेश्वरी प्रसंस्करण समिति में मक्के की खरीदी शुरू



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी परियोजना के तहत कोण्डागांव जिले में मक्का आधारित एथेनॉल निर्माण संयंत्र का निर्माण माँ दंतेश्वरी मक्का प्रसंस्करण एवं विपणन सहकारी समिति मर्या. द्वारा किया जा रहा है।

यह संयंत्र निर्माण के अंतिम चरण में है और जल्द ही कार्य प्रारंभ करेगा। प्लांट के ट्रायल रन और कमीशनिंग के लिए 27 दिसंबर से समिति के अंशधारी मक्का उत्पादक किसानों से मक्का खरीदी शुरू कर दी गई है। मक्का खरीदी सप्ताह के सोमवार से शुक्रवार सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक प्लांट स्थल पर की जा रही है।

प्लांट प्रबंधन ने जानकारी दी है कि मक्का का उपार्जन भारत सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य पर किया जाएगा। इसके साथ ही, किसानों को प्रोत्साहन राशि वार्षिक साधारण सम्मेलन में विकासखंडवार निर्धारित कर प्रदान की जाएगी। इस पहल से क्षेत्रीय किसानों को लाभ मिलेगा और मक्का उत्पादन को बढ़ावा मिला।

# टाटामारी बनेगा एडवेंचर पर्यटन स्थल : केलक्टर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने आज टाटामारी, केशकाल का निरीक्षण किया और इसे एडवेंचर पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि टाटामारी में एडवेंचर स्पोर्ट्स के लिए अपार संभावनाएं हैं। इसे ध्यान में रखते हुए एडवेंचर गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए कार्य योजना तैयार की जा रही है। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने पर्यटकों की सुविधा के लिए व्यू पॉइंट, पाथवे, वुडन कॉटेज की मरम्मत, और किड्स प्ले गार्डन में अतिरिक्त सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही, नए कॉटेज निर्माण के लिए स्थल का निरीक्षण किया गया।

### केशकाल घाटी का भी किया निरीक्षण

कलेक्टर ने केशकाल घाटी के उन्नयन कार्य का भी जायजा लिया। उन्होंने घाटी के डामरीकरण कार्य और बस्तर के प्रमुख पर्यटन स्थलों को दर्शाने वाली वाल पेंटिंग का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने इस कार्य को 02 जनवरी तक पूर्ण करने के निर्देश दिए।

### ये रहे उपस्थित

इस निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, एडीएम चित्रकांत चार्ली ठाकुर, और विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# दूसरे विश्वविद्यालयों से प्रोफेसर बुलाएगा रविवि, छात्रों को मिलेंगे टिप्स, बताएंगे न्यू ट्रेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पं. रविशंकर शुक्ल विवि अब दूसरे विश्वविद्यालयों से प्राध्यापकों को आमंत्रित करेगा। कैमेस्ट्री विभाग में इसकी तैयारी शुरू कर दी गई है। अन्य विभागों में भी इसकी तैयारी की जा रही है। रविवि विजिटिंग प्रोफेसर प्रोग्राम के तहत प्राध्यापकों को आमंत्रित कर रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य यह है कि छात्रों को अन्य विश्वविद्यालयों के विशेषज्ञों का भी मार्गदर्शन मिल सके और वे उन्हें नए टिप्स दे सकें। इसके अलावा प्राध्यापक उन्हें संबंधित विषय से जुड़े क्षेत्रों में रोजगार की संभावना बताने के साथ ही नए ट्रेंड के विषय में बताएंगे। विवि प्रबंधन का मानना है कि इससे छात्रों के अकादमिक प्रदर्शन में सुधार आएगा। किसी भी प्राध्यापक को व्याख्यान के लिए आमंत्रित करने निर्धारित प्रक्रिया अपनाई जाएगी। निर्धारित की गई प्रक्रिया के अंतर्गत विवि अध्ययनशाला द्वारा उन प्राध्यापकों के नाम भेजे जाएंगे, जिन्हें वे व्याख्यान के लिए आमंत्रित करना चाहते हैं।



विभाग से ये नाम स्क्रीनिंग कमेटी के पास जाएंगे। स्क्रीनिंग कमेटी के बाद से नाम कार्यपरिषद में जाएंगे। परिषद ही यह तय करेगी कि विभाग द्वारा जो नाम भेजे गए हैं, उन्हें व्याख्यान के लिए बुलाया जाना है अथवा नहीं। नाम निर्धारित होने के बाद संबंधित प्रोफेसर से संपर्क कर प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी।

### कोलकाता से किए गए आमंत्रित

विजिटिंग प्रोफेसर प्रोग्राम की शुरुआत कैमेस्ट्री डिपार्टमेंट से की गई है। कोलकाता विवि से प्रो.नीतिन चटोपाध्याय को आमंत्रित किया गया है। अन्य विभागों से भी उन प्राध्यापकों के नाम मंगाए गए हैं, जिन्हें वे अतिथि व्याख्याता के रूप में आमंत्रित करना चाहते हैं। यह पहली बार है, जब रविवि अन्य विश्वविद्यालयों के प्राध्यापकों को मानदेय के आधार पर व्याख्यान के लिए आमंत्रित कर रहा है।

# रायपुर सहित राज्य के 14 जिलों में 29 नए थाना खोलने की तैयारी

**जिलों से मिले प्रस्ताव पर मुख्यालय स्तर पर कार्यवाही शुरू, मांगी गई जानकारी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य के 14 अलग-अलग जिलों के 29 स्थानों पर नए थाना खोलने शासन स्तर पर तैयारी शुरू हो गई है। उल्लेखनीय है कि संबंधित जिलों के एसपी ने पूर्व में थाना खोलने शासन के प्रस्ताव भेजा था। उसी प्रस्ताव के अनुरूप जिन स्थानों में थाना खोलने पूर्व में प्रस्ताव भेजे गए हैं, वहां पिछले तीन वर्षों में अपराधों की संख्या तथा जहां नए थाने खोलने हैं, वहां से मूल थाना क्षेत्र की दूरी की जानकारी देने संबंधित जिले के एसपी को निर्देश दिए गए हैं।

- **ज्यादातर प्रस्ताव नक्सल प्रभावित जिलों से, राजा तालाब में भी खुलेगा थाना**

जिन जिलों में नए थाना खोलने तैयारी की गई है, उनमें रायपुर, बलौदा बाजार, महासमुंद, धमतरी, बालोद, सारंगढ़-बिलाईगढ़, कोरबा, जशपुर, बस्तर, कांकेर, कोंडागांव, बीजापुर, नारायणपुर, सुकमा शामिल है। रायपुर के राजातालाब को भी चौकी से उन्नयन कर थाना खोलने प्रस्ताव भेजा गया है। सबसे ज्यादा प्रस्ताव नक्सल प्रभावित बस्तर इलाके में थाना खोलने प्रस्ताव भेजे गए हैं। बस्तर में 17 नए थाना खोलने प्रस्ताव भेजे गए हैं।

### राज्य में वर्तमान में इतने थाना संचालित

राज्य के अलग-अलग जिलों के शहरी तथा कस्बाई क्षेत्र में वर्तमान में 482 थाना संचालित हो रहे हैं। इसके अलावा 32 ट्रैफिक थाना तथा पांच रेंज साइबर थाना संचालित हो रहे हैं। रेंज साइबर तथा ट्रैफिक थानों को जोड़ दें, तो कुल 519 थाने संचालित हो रहे हैं। 29 नए थाना खुलने से संख्या बढ़कर 548 हो जाएगी।

### इन जिलों में इन स्थानों पर थाना खोलने प्रस्ताव

- **रायपुर** : राजातालाब नूरानी चौक
- **बलौदाबाजार** : निपनिया
- **महासमुंद** : बड़े साजापाली, गढ़फुलझर
- **धमतरी** : सिंगपुर, आमदी नगर पालिका निगम शहरी क्षेत्र
- **बालोद** : मंगलतराई, करहीभदर, लाटाबोड़
- सारंगढ़-बिलाईगढ़ - गोड़म
- **कोरबा** : चोटिया
- **जशपुर** : तमता
- **बस्तर** : धरमपुरा, आड़ावाल
- **कांकेर** : कापसी
- **कोण्डागांव** : कुंए
- **बीजापुर** : पुजारी कांकेर, कोण्डापल्ली
- **नारायणपुर** : गारपा, कस्तुरमेटा, फरसबेड़ा, तोके, गोमांगल, कुतुल
- **सुकमा** : एलमागुण्डा, डब्बाकोंटा, पुरना, चिंगापरम, सिलगेर

## स्लोगन लिखे तख्ती लेकर रैली निकाली

# बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ के लिए किया जागरूकता और दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के अंतर्गत कोण्डागांव जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए ग्राम गोड़मा, विकासखंड फरसगांव में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस पहल का संचालन युवोदय कोंडानार चौंप्स के स्वयंसेवकों द्वारा किया गया। जिसमें समुदाय को बाल विवाह के दुष्प्रभावों और रोकथाम के उपायों के प्रति जागरूक किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत एक जागरूकता रैली से हुई, जिसमें स्वयंसेवकों ने बाल विवाह रोकथाम से संबंधित नारे और स्लोगन के माध्यम से संदेश दिया। रैली के बाद गांव के चौराहे पर एक नाटक प्रस्तुत किया गया। इस नाटक में विवाह के लिए बालक–बालिकाओं की न्यूनतम उम्र, बाल विवाह के नकारात्मक प्रभाव, और चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर की जानकारी दी गई। साथ ही, बाल विवाह कराने वालों को कानूनी दंड और जुर्माने की जानकारी भी साझा की गई। कार्यक्रम में युवोदय कोंडानार चौंप्स के स्वयंसेवकों ने ग्रामीणों को जागरूक करते हुए जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने की अपील की। अंत में, बाल विवाह रोकथाम के लिए सभी उपस्थित सदस्यों ने शपथ ली।




### उपस्थित रहे ये

इस कार्यक्रम में युवोदय के जिला समन्वयक देवश्री वर्मा, ब्लॉक समन्वयक कमल किशोर पांडे और सूर्यकांत जैन के साथ स्वयंसेवक रीता, सरिता, सुशीला, चंद्रमणि, पूजा, पूर्णिमा, प्रियंका, मनीषा, कन्याकुमारी, जमनी, फुलेश्वरी, उमेश और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# रविवि की छात्रा सात दिन से लापता धरने पर बैठीं डोंगरगढ़ विधायक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय से लापता छात्रा की खोज गंभीरतापूर्वक करने और एफआईआर दर्ज करने की मांग को लेकर डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता बघेल सरस्वती नगर थाना में शुक्रवार को धरने पर बैठ गईं। उनके साथ पालता बालिका के माता-पिता और ग्रामवासी भी थे। इसके पूर्व विधायक विश्वविद्यालय पहुंची, जहां उन्होंने गायब छात्रा के संदर्भ में विवि प्रशासन से जानकारी ली। गौरतलब है कि रविवि के गर्ल्स हॉस्टल से एमएससी फाइनल ईयर की 25 वर्षीय छात्रा 7 दिसंबर से गायब है। 20 दिन बाद भी छात्रा का कोई सुराग नहीं मिल सका है। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर खोजबीन प्रारंभ की है, लेकिन अब तक छात्रा का कुछ पता नहीं चल पाया है।

**खबर संक्षेप**

### नारी शक्ति का सम्मान महतारी वंदन ने बढ़ाया मान

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ महिलाओं के स्वास्थ्य, पोषण, आर्थिक स्वावलंबन और सशक्तिकरण को बढ़ावा के उद्देश्य से विष्णु देव सरकार द्वारा संचालित महतारी वंदन योजना से हितग्राही महिलाओं के जीवन में बड़ा बदलाव आया है। महिलाएं इस मदद की राशि से अपनी रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करने के साथ ही अतिरिक्त आय उपार्जन की गतिविधियों को आगे बढ़ाने लगी है। नवीना कश्यप को जब से महतारी वंदन योजना के तहत हर महिने एक-एक हजार रूपए मिल रहे है, उनके चेहरे में खुशी की चमक देखते ही बन रही है। मुंडापारा कुरन्दी की नवीना ने महतारी वंदन की राशि का उपयोग कर गाँव में लगने वाली साप्ताहिक बाजार में फैंसी सामनों की व्यापार कर रही है। आर्थिक रूप से कमजोर नवीना ने बताया कि योजना से मिली राशि का उपयोग कर आर्थिक संपन्नता की शुरुआत होने से अब उन्हें दूसरों के सामने हाथ नहीं फैलाना पड़ता।


### व्यवसायी की पुत्री इशिका ने पास की चार्टर्ड अकाउंटेट की परीक्षा



**गीदम।** जिले की व्यावसायिक नगरी गीदम के प्रतिष्ठित व्यापारी व सन्मति आलू भंडार के संचालक राकेश जैन व अनीता जैन की सुपुत्री इशिका जैन ने चार्टर्ड अकाउंटेट की उपाधि प्राप्त कर नगर एवं परिवार को गौरवान्वित किया है। गौरतलब हैं कि इशिका जैन की प्राथमिक शिक्षा निर्मल निकेतन विद्यालय करली में हुई।

# तीन माह से बंद है मेन रोड की स्ट्रीट लाइट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बकावंड



बकावंड के मेन रोड में कई स्थानों पर पिछले तीन महीने से अंधेरा पसरा हुआ है। मेन रोड की स्ट्रीट लाइटें बंद हैं। पारा मोहल्लों के ज्यादातर खंभों की बिजली बंद है। गलियों और मुख्य सड़क पर अंधेरा होने के कारण असामाजिक तत्व सड़क किनारे बैठे रहते हैं। दुर्घटनाएं भी हो रहीं हैं।

जानकारी के मुताबिक स्ट्रीट लाइट के रखरखाव की जिम्मेदारी ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत की है। स्ट्रीट लाइट में खराबी आने, बल्ब फ्यूज होने या अन्य किसी समस्या के कारण लाइट बंद होने पर सुधारने की जिम्मेदारी जनपद पंचायत व ग्राम पंचायत की है, लेकिन स्ट्रीट लाइट पिछले तीन माह से नहीं सुधारी जा रही है। चौक तक ज्यादातर खंभों के बल्ब बंद हो गए हैं।

ग्रामीणों के अनुसार ग्राम पंचायत व जनपद पंचायत के प्रतिनिधियों व अधिकारी को कई बार सूचना दे चुके हैं, उसके बाद भी वे स्ट्रीट लाइट सुधारने का काम नहीं कर रहे हैं। शाम ढलने के कुछ घंटे बाद तक तो थोड़ी बहुत रोशनी दुकानों की लाईट के भरोसे बनी रहती है, मगर रात में दुकानें बंद होने के बाद मेन रोड पर अंधेरा छा जाता है। स्ट्रीट लाइट बंद होने के कारण मेन रोड के ज्यादातर हिस्सों पर अंधेरा रहता है। वाहन आने जाने पर ही उजाला होता है। ऐसे में लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। स्थानीय लोग ग्राम पंचायत जनपद पंचायत से स्ट्रीट लाइट में सुधार कराने के लिए आग्रह कर चुके हैं लेकिन अब तक सुधार नहीं कराया गया है। 20 पोल की स्ट्रीट लाइट बंद है।

**जल्द कराएंगे सुधार**

जल्द ही स्ट्रीट लाइट सुधारी जाएगी। इस बारे में ग्राम पंचायत सचिव से कह दिया गया है।

-धनुर्जय कश्यप,
जनपद अध्यक्ष, बकावंड

# क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मैच में शामिल हुए विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोंड



ग्राम राजनगर में आयोजित ग्रामीण क्रिकेट टूर्नामेंट के फाईनल में मैच क्षेत्रीय विधायक लखेश्वर बघेल पहुंचे और खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन बढ़ाया।

लखेश्वर बघेल ने कहा की राजनगर एक ऐसी धर्म स्थल भूमि हैं जो विकसित कार्यों हेतु सदैव गांव की महत्वपूर्ण जगहों को प्रशासन को सुप्रित किया है। बच्चों के भविष्य हेतु कॉलेज के लिए जगह दिया खिलाड़ियों के लिए दो जगह मैदान हेतु बनाने के लिए दिया हैं। श्री बघेल ने कहा की जब मैं जिला पंचायत अध्यक्ष रहा तब यहां के सरपंच गोरेलाल बिसाई ने मिनी स्टेडियम बनाने हेतु आग्रह किया था। मैदान को निर्माण कराकर बच्चों के खेलकूद के लिये बना दिया था। विधायक निर्वाचित होने के बाद मिनी स्टेडियम का निर्माण कर आने वाली कई पीढ़ियों के एक अंतराष्ट्रीय मैच कराने के लिये इस मैदान का रूपरेखा तैयार किया हैं। बस्तर विधायक श्री बघेल ने कहा कि प्रतियोगिता में सबसे बड़ी जीत दर्शकों की हुई है जिन्हें फाइनल मैच में मुकाबला देखने को मिला। मैच में अंत तक रोमांच बना रहा। गिरोला व जैतगिरी की टीम ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए फाइनल में अपनी जगह बनाई। फाईनल मैच में जैतगिरी के द्वारा शानदार प्रदर्शन करते हुए निर्धारित 15 ओवरों में 123 रनों का लक्ष्य खड़ा किया। श्री बघेल ने विजेता व उपविजेता टीम को कप व पुरस्कार राशि से पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। साथ ही उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को मैन ऑफ मैच एवं मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार दिया।

इस दौरान ब्लॉक कमेटी अध्यक्ष शिवराम बिसाई, जानकी राम सेठिया, तुलाराम सेठिया, मधु निषाद, नित्या चंद्राकर, मोहनलाल भारती, लखेश्वर कश्यप, हरदास बघेल, जितेंद्र तिवारी, राजेश कुमार तुलसीराम ठाकुर, सत्येंद्र गागड़ा, बृजलाल श्रीवास्तव, पितवास, जगन्नाथ, चुमन सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# विधायक ने किया सीसी सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

भाजपा जिलाध्यक्ष व विधायक चैतराम अटामी ने ग्राम पंचायत चितालंका में डीएमएफ मद से स्वीकृत हुए बायपास मुख्य मार्ग से प्रसून यादव के घर तक सीसी सड़क निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया। सीसी सड़क की मांग ग्रामीणों द्वारा विधायक अटामी से की गयी थी जिसे पूरा कर विधायक ने भूमिपूजन किया।

इस दौरान उपाध्यक्ष व जनपद अध्यक्ष सुनीता भास्कर, मीडिया प्रभारी राहुल असरानी, मंडल महामंत्री रुपन मण्डल, मन्नू वर्गीस, सरपंच सुनील कश्यप, रवि नायडू,उप सरपंच शिवचंद नाग, ग्राम पेरमा परदेशी नाग, चंपा नाग, नंदलाल पटेल, केशव नाग सहित भाजपा कार्यकर्ता व ग्रामीण उपस्थित रहे।

## 150 क्विंटल धान बेचा कृषक बलराम ने मुख्यमंत्री का जताया आभार

**दंतेवाड़ा।** पूरे छत्तीसगढ़ सहित दंतेवाड़ा जिले में भी 14 नवंबर से खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 हेतु समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की शुरुआत हो चुकी है। इसके तहत जिले में 15 उपार्जन केंद्रों के माध्यम से धान की खरीदी की जा रही है। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में जिले में पंजीकृत किसानों की संख्या 16110 है। इसके साथ ही किसानों को माइक्रो एटीएम के जरिए 10,000 रुपये तक का नगद भुगतान दिया जा रहा है। इस क्रम में जिले के सभी उपार्जन केंद्रों में खाली बारदाने की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। जहां प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी की जाकर किसानों को उनके उत्पाद का उचित मूल्य दिया जा रहा है। इस संबंध में दंतेवाड़ा जिले से लगे हुए पातररास ग्राम निवासी किसान बलराम नाग ने भी धान खरीदी केन्द्र बालूद में 150 क्विंटल धान बेचा है। वे बताते है कि उनका पास 40 एकड़ संयुक्त खेती है और अभी उनके पास 50 क्विंटल अतिरिक्त धान बचा हुआ है। इस वर्ष धान खरीदी शासन के नीतियों के संबंध में विचार व्यक्त करते हुए उनका कहना है कि इस बार समर्थन मूल्य पर धान बेचने की प्रक्रिया पहले से अधिक सुगम और पारदर्शी बनाई गई है। ऑनलाइन टोकन प्रणाली के कारण अब उन्हें लंबे समय तक इंतजार नहीं करना पड़ा। साथ ही धान खरीदी केंद्र पर खरीदी की सुव्यवस्था और अधिकारियों का सहयोग देखकर वे बहुत प्रसन्न है। वे आगे कहते है कि अब हम जैसे कृषकों को बिचौलियों पर निर्भर नहीं रहना पड़ता और केन्द्र के कर्मचारी भी सहयोग कर रहे है। उनके कुछ साथी किसानों ने पहले ही दिन धान बेचा और उसका भुगतान दो दिन के भीतर हो गया। उन्होंने कहा कि यह पहल किसानों के लिए बड़ी राहत है और हमें समय पर हमारा भुगतान मिल रहा है। किसान नाग ने कहा कि इस बार समर्थन मूल्य पर खरीदी के लिए मंडी में लंबी कतारों से बचने के लिए पहले से स्लॉट बुकिंग की व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के कुशल नेतृत्व में 21 क्विंटल प्रति एकड़ के मान से धान खरीदी की जा रही है और समर्थन मूल्य भी 3100 रुपये है जो हम किसानों के लिए बड़ी राहत की बात है। इससे हमारी मेहनत का सही दाम मिल रहा है। किसान नाग ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और जिला प्रशासन के द्वारा किये गये व्यवस्थाओं की प्रशंसा की और उम्मीद जताई कि ऐसी सुविधाएं भविष्य में भी जारी रहेंगी। उनका यह भी कहना है कि धान बेचकर वह इस राशि से खेती बाड़ी और लंबित पारिवारिक कार्यों में उपयोग करेंगे। ज्ञात हो कि जिले में अब तक 2583 कृषकों से 71072.00 मीट्रिक टन धान खरीदी की जा चुकी है।



## फिल्मी अंदाज में मारपीट और लूट चार बदमाश गिरफ्तार, निकाला जुलूस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

घर के लिए किराना सामान लेने गए व्यक्ति को घेरकर फिल्मी अंदाज में मारपीट कर 50 हजार रुपए लूट करने के आरोप में गुढ़ियारी पुलिस ने चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार बदमाशों का पुलिस ने उनके आड़े-तिरछे बाल कटवाकर जुलूस निकालकर कानून का पाठ पढ़ाया। घटना पांच दिन पूर्व की है। बदमाशों ने जहां मारपीट तथा लूट की घटना की थी, पुलिस ने बदमाशों को उसी जगह ले जाकर सबक सिखाया। कलिंग नगर निवासी बृजेश शुक्ला की शिकायत पर पुलिस ने सुनील उर्फ विद्याधर सोनी, देशी उर्फ छोटू उर्फ सोमनाथ सोना, भुरू उर्फ विरेंद्र संेद्रे तथा राजा नायक को गिरफ्तार किया है। बृजेश ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी कि वह मिराज पेट्रोल पंप के पास घर के लिए सामान खरीदने गया था। वहां पूर्व से खड़े सुनील तथा उसके साथियों ने उसके साथ बेवजह गाली-गलौज की।

■ किराना सामान खरीदने गए व्यक्ति को बदमाशों ने घेरकर मारपीट करने के बाद गाड़ी की डिक्की से रुपए निकाल लिए थे



**बाथरूम में छिपकर बचाई जान**

*बृजेश के अनुसार बदमाशों ने चाकू निकालकर उस पर हमला करने की कोशिश की, तो वह अपनी दोपहिया छोड़ बाजू के पेट्रोल पंप के वाशरूम में जाकर खुद को बचाया। बृजेश के अनुसार उसकी एक्टिवा में चाबी लगी हुई थी। बदमाश देख लेने की धमकी देते हुए बृजेश की एक्टिवा अपने साथ ले गए और थोड़ी दूर जाने के बाद एक्टिवा की डिक्की में रखे 50 हजार रुपए निकालकर बीयर की बोतल भर दी।*

**घटना की जानकारी देने पर मारने की धमकी**

*बृजेश ने पुलिस को बताया कि बदमाश गाड़ी ले जाने के थोड़ी देर बाद उसे गाड़ी देने लौटे। बदमाश उसे फिल्मी अंदाज में घटना की जानकारी किसी को देने तथा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने पर पूरे खानदान को जान से मार देने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।*

## 18 सदस्यीय म्यूथाई दल जम्मू कश्मीर रवाना...






**जगदलपुर।** 18 सदस्यीय छत्तीसगढ़ म्यू थाई दल अंतरराष्ट्रीय म्यूथाई खिलाड़ी कु टिकेश्वरी साहू के नेतृत्व में रवाना हुआ। दल में शामिल खिलाड़ियों में रायपुर से कु. प्रियंका साहू, कु. मंजू साहू, विक्की, चैतन्य, करण, एल साहू, विशाल, हर्ष और बस्तर से पांशुल तामो, ऋसुभ साहू, आयुष लहरे, मयंक बघेल, पुष्कल भास्कर, भारमेश्वर कर्मा, नीलेश पत्तावि, अनिरुद्ध साहू, कोच टिकेश्वरी साहू एवं मैनेजर विनोद पाल है।

### भूमिपूजन 2 जनवरी को

**जगदलपुर।** श्री वेदमाता गायत्री महाविद्यालय कंगोली में 2 जनवरी को प्रातः 9.30 बजे भूमिपूजन कार्यक्रम होगा। प्राचार्य ईश्वर प्रसाद तिवारी ने जारी विज्ञप्ति में बताया कि मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सह-सरकार्यवाह रामदत्त चक्रधर तथा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में भूमिपूजन 9.30 बजे होगा। प्रातः 9.30 बजे से 11.30 बजे तक यज्ञ, 11 से 11.30 बजे तक प्रसाद वितरण और 11.30 से 1 बजे तक सभाकक्ष में अतिथियों का मार्गदर्शन मिलेगा।

### अनिल तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के प्रांतीय संरक्षक बने

**रायपुर।** संघ के पूर्व महामंत्री एवं कोटवार संघ, प्रशिक्षित गो-सेवक संघ, संयुक्त शिक्षक संघ के प्रमुख प्रांतीय सलाहकार अनिल श्रीवास्तव को छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ रायपुर के प्रांतीय अध्यक्ष एवं अखिल भारतीय राज्य कर्मचारी महासंघ दिल्ली के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी ने संघ में प्रत्यय शक्तियों का प्रयोग करते हुए छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ का प्रांतीय संरक्षक नियुक्त किया है।

घर, खेत एवं प्लाट में पानी जांच करवाने के लिए संपर्क करे
देश के नंबर 1 ग्राऊंड वाटर चेकर Sorry bhai से
SORRY BHAI ड्राई जगहों मे पानी निकाल कर देने की ठेका लेते है
ऐसे लोग जो बार-बार बोर करवा कर परेशान हो चूके है फिर भी पानी नही निकाल पा रहे है तो SORRY BHAI को पानी निकाल कर देने के लिए ठेका दे दो।
अधिक जानकारी के लिए हमारे यूट्यूब चैनल Kisan ka bore को सर्च करे...
मो.: 7000716599, 9301831212
पैसा पानी निकलने के बाद देना

Health Town
K'sagar's श्री श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति इत्यादि।
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

आवेदन आमंत्रित
पाँच (5) घंटे पन्द्रह हजार (15000)
अपने शहर अपने वार्ड के लिए रहे तैयार।
❖ स्वयं का वाहन होना चाहिए।
❖ 12वीं से स्नातक की शिक्षा।
❖ आवेदक आधार कार्ड, अंक सूची की छायाप्रति के साथ बायोडाटा 2 जनवरी 2025 तक जमा करें।
❖ किस जिले, शहर, वार्ड में कार्य करना चाहते है आवेदन में दर्शाएं।
❖ मासिक वेतन का भुगतान बैंक खाते में दिया जायेगा, बैंक खाता होना अनिवार्य है।
आवेदन करें
Gmail:- cir.haribhoomi@gmail.com
हरिभूमि कार्यालय, धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर

## खबर संक्षेप

### दो दिवसीय कबड्डी आज से कालागांव में

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल के कालागांव में दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ आज 29 दिसंबर से और समापन 30 दिसंबर को होगा। जय मां शीतला कबड्डी क्लब कालागांव के तत्वाधान में दो दिवसीय डे नाइट कबड्डी प्रतियोगिता में प्रथम पुरूस्कार 10000 रूपएं, दूसरा पुरस्कार 6000 रूपएं, तीसरा पुरस्कार 3000 रूपएं और चौथा पुरस्कार 2000 रुपएं एवं अन्य पुरस्कार आयोजन समिति की ओर से दिया जाएगा।

### शीलकालीन छुट्टी में नवोदय चयन की कोचिंग जारी

**दुर्गुकोंदल।** प्राथमिक शाला के शिक्षक व शिक्षकों द्वारा शीतकालीन अवकाश में भी बच्चों के भविष्य को देखते हुए नवोदय चयन परीक्षा का कक्षा अति उत्साह के साथ प्रतिदिन संचालित किया जा रहा है। प्रत्येक शनिवार को मॉक टेस्ट लिया जा रहा है, ताकि बच्चें ओएमआर शीट आसानी से भर सकें। तथा संकुल प्राचार्य एस. दास द्वारा संकुल दुर्गूकोंदल के कोचिंग कक्षा का निरीक्षण किया गया।

### मुख्य सचिव ने नियद नेल्लानार योजना की वीसी समीक्षा की

**जगदलपुर।** मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने नियद नेल्लानार योजना के तहत योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु शनिवार को संभाग के पाँच जिलों से वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से समीक्षा किए। उन्होंने सुकमा, बीजापुर, नारायणपुर, दंतेवाड़ा और कांकेर जिला के कलेक्टरों से योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु सर्वे कार्य की प्रगति, प्राथमिक शिक्षा की व्यवस्था, स्वास्थ्य सुविधाओं की व्यवस्था, सामाजिक सुरक्षा और संचार सुविधाओं के संबंध में चर्चा किए। मुख्य सचिव ने कहा कि सर्वे कार्य को माइक्रो लेवल पर जा कर जाँच करवाएँ ताकि पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ मिल सके। नियद नेल्लानार योजना के चिन्हाकित जगहों के स्कूलों में शिक्षकों और बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए और शासन की योजनाओं से बच्चों को लाभान्वित किया जाए। बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण,आधार कार्ड, जाति प्रमाणपत्र निर्माण जैसे आवश्यक कार्य भी करवाएँ। संबंधित जगहों में शत प्रतिशत लाभार्थियों को पोषण आहार दिया जाए और हाट बाजार मोबाइल क्लिनिक के माध्यम से सप्ताह में एक दिन स्वास्थ्य शिविर आयोजित करवाएं। इस वीडियो कॉन्फ्रेंस में कमिश्नर डोमन सिंह, डिप्टी कमिश्नर बी एस सिदार, संबंधित विभाग के संभागीय अधिकारी उपस्थित रहे, पांचों जिलों के कलेक्टर और सीईओ जिला पंचायत भी वी सी में जुड़े थे।

# ओबीसी आरक्षण पर सर्व पिछड़ा वर्ग समाज का 30 को नगर बंद का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोरर

छत्तीसगढ़ सर्व पिछड़ा वर्ग समाज बस्तर संभाग के बस्तर बंद व चक्का जाम के आह्वान पर सर्व पिछड़ा वर्ग समाज परिक्षेत्र कोरर के द्वारा भी 30 दिसम्बर को कोरर नगर बंद करने का निवेदन कोरर नगर के व्यापारियों से निवेदन पत्र देकर आग्रह किया गया। जिससे कोरर नगर व बाजार भी ओबीसी के आरक्षण के मांग के समर्थन में बंद रहेगा। परिक्षेत्र अध्यक्ष दयालु यादव, कोरर ग्राम अध्यक्ष रामेश्वर जैन और महासचिव अशोक यादव ने बताया कि अन्य पिछड़ा वर्ग समाज का बस्तर संभाग में आरक्षण पर कटौती कर बस्तर संभाग में निवासरत ओबीसी समाज के साथ छत्तीसगढ़ सरकार ने छलावा किया है। जहां ओबीसी समाज भी निवास करते हैं और भारत के संविधान में हमें भी अधिकार स्वरूप आरक्षण का प्रावधान हैं कि जनसंख्या के अनुपात में आरक्षण प्रदान किया जाना चाहिए परन्तु वर्तमान सरकार ने बस्तर में निवासरत ओबीसी समाज का आरक्षण कम या शून्य कर हमारे समाज के साथ छल करते हुए हमें ठगा है। जिससे हमें अपने अधिकारों को प्राप्त करने हेतु अब आर-पार की लड़ाई करने कमर कसने की आवश्यकता है। ओबीसी समाज अब जाग गया है और अपने अधिकारों की लड़ाई में 30 दिसंबर सोमवार को जिला मुख्यालय काँकेर के माकड़ी ढाबा चौक में आयोजित चक्काजाम में प्रत्येक घर से प्रत्येक ग्राम से प्रत्येक ब्लॉक से ओबीसी भाई- बहन, माता-पिता, युवक-युवती, और ओबीसी के अंतर्गत आने वाले सभी जाति के सामाजिक अध्यक्ष सहित पदाधिकारी शामिल होकर अपने अधिकारों के प्रति एकजुटता दिखाते हुए संघर्ष में अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। कोरर परिक्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम के ओबीसी समाज 30 दिसम्बर को अधिक से अधिक संख्या में पहले कोरर बस स्टैंड पर 8 बजे से एकत्रित होने का आग्रह किया गया है जहां से एक साथ रैली की शक्ल में धरना स्थल तक प्रस्थान किया जावेगा।

### आरक्षण कटौती का विरोध, आंदोलन को मिला समर्थन



#### सक्रियता है उल्लेखनीय

व्यापारी प्रकोष्ठ कोरर को ज्ञापन देने हेतु परिक्षेत्र अध्यक्ष दयालु यादव, जिला महासचिव अशोक यादव, जिला उपाध्यक्ष अरविंद जैन, मैनिष योगी टेम्पा,दिनेश जायसवाल, ब्लॉक उपाध्यक्ष वेद प्रकाश सिन्हा, युवा प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद सिन्हा, अकरम कुरैशी, गणेश सोनी,घनश्याम कौशिक, परिक्षेत्र सचिव हरीराम साहू आदि उपस्थित रहे।

### अनुष्ठान : दिव्य कलश यात्रा जिला भ्रमण के बाद लौटी

# अंतागढ़ में 51 कुंडीय गायत्री महायज्ञ की तैयारी पूर्ण, नए साल में पूर्णाहुति होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंतागढ़

विकासखंड मुख्यालय अंतागढ़ के उनमुक्त खेल मैदान में आयोजित होने वाले चार दिवसीय 51 कुंडीय शक्ति संवर्धन गायत्री महायज्ञ आयोजन की तैयारी पूरी की जा चुकी है। यह महायज्ञ आज 29 दिसंबर से प्रारंभ होगा और नए वर्ष के पहले दिन 1 जनवरी को समापन होगा। शांतिकुंज हरिद्वार से लाए गए दिव्य कलश यात्रा पूरे जिले से भ्रमण कर अब वापिस अंतागढ़ लाया जा चुका है।

अंतागढ़ नगर के आसपास के 10 किमी. के दायरे में बाइक रैली के माध्यम से गायत्री माता की जयकारों से आध्यात्मिक वातावरण माहौल बन चुका है, नगर के प्रत्येक गली मोहल्ले में पीले वस्त्र धारी भाई-बहनें हाथों में अक्षत पुष्प लेकर यज्ञ में भागीदारी का निमंत्रण देते दिखाई दे रहे हैं। कार्यक्रम के पहले दिन 29 दिसंबर को कलश यात्रा नगर के मुख्य मार्ग में निकाली जाएगी और संध्या के समय प्रज्ञा पुराण कथा प्रारंभ होगी। दूसरे दिन 30 दिसंबर को सुबह 8 बजे से यज्ञ प्रारंभ होगा, जिसमें वैदिक मंत्रोच्चार के उच्चारण के साथ विविध संस्कार संपन्न किए जाएंगे। दोपहर में नारी शक्तिकरण सम्मेलन होगा, जिसमें नारी जागरण विषय पर चिंतन मंथन होगा। संध्या के समय युग संगीत एवं प्रवचन शांतिकुंज के ऋषि पुत्र द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम के तृतीय दिवस 31 दिसंबर को प्रातः यज्ञ के साथ दोपहर में सामाजिक समरसता सम्मेलन बस्तर के सांस्कृतिक ऐतिहासिक एवं सामाजिक संदर्भ में सर्व समाज प्रमुखों के द्वारा एकता एवं सद्भावना के लिए विचार विमर्श चिंतन किया जाएगा। इसके उपरांत शाम को 5000 दीपकों से दीप महायज्ञ संपन्न होगा। कार्यक्रम के चौथे एवं अंतिम दिवस 1 जनवरी 2025 को यज्ञ की पूर्णाहुति के साथ में कार्यक्रम की समाप्ति होगी। यह संपूर्ण कार्यक्रम शांतिकुंज हरिद्वार से आए ऋषि पुत्रों के द्वारा संपन्न करवाया जाएगा। इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए जिले के अलावा नारायणपुर, कोण्डागांव और धमतरी के सीमावर्ती जिले के साथ ही पूरे बस्तर संभाग के अतिरिक्त पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश से गायत्री परिवार के कार्यकर्ताओं सहित धर्मप्रेमी, समाजिक कार्यकर्ता, आस्थावान परिजन शामिल होंगे।



#### राष्ट्र के उत्थान के लिए हो रहा महायज्ञ

कार्यक्रम के महत्व एवं इसकी व्यापकता को लेकर गायत्री परिवार के परिजनों ने बताया कि मानव में देवत्व एवं धरती पर स्वर्ग के अवतरण के उद्देश्य को लेकर राष्ट्र के उत्थान के लिए, क्षेत्र के सुख, शांति एवं समृद्धि, वातावरण परिष्कार एवं सभ्य समाज के निर्माण के लिए यह आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में सभी विभिन्न संस्कार जैसे नामकरण, मुंडन, दीक्षा, यज्ञोपवीत,विवाह गर्भपछजन आदि संस्कार निः शुल्क संपन्न कराए जाएंगे।

# नरहरपुर में भाजपा ने कुशाभाऊ ठाकरे की पुण्यतिथि मनाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| धनेलीकन्हार

एकात्म मानववाद के प्रणेता भारतीय जनता पार्टी के पितृ पुरूष और राष्ट्र सेवा के प्रखर मार्गदर्शक कुशाभाऊ ठाकरे की पुण्यतिथि को भाजपा कार्यकर्ताओं ने नगर नरहरपुर में कुशाभाऊ के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर पुण्यतिथि के रूप में मनाया। मंडल अध्यक्ष संतोष भास्कर ने श्रद्धेय ठाकरे को नमन करते हुए कहा कि पार्टी के विकास व विस्तार के पर्याय आदरणीय ठाकरे ने अद्वितीय संगठनात्मक कौशल से असंख्य कार्यकर्ताओं को राष्ट्रसेवा के लिए गढ़कर माँ भारती की सेवा में अमूल्य योगदान दिया है। आपका जीवन युवाओं को देश की सेवा की प्रेरणा प्रदान करता रहेगा वही

कार्यक्रम में पूर्व मंडल अध्यक्ष व पार्षद मुकेश संचेती ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जनसंघ के संस्थापक सदस्य और भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष कुशाभाऊ ठाकरे का जन्म 15 अगस्त 1922 में मध्य प्रदेश के धार इलाके में हुआ था। 28 दिसंबर 2003 को उनका निधन हो गया था एवं कुशाभाऊ ठाकरे के देश के लिए योगदान को याद करते हुए कहा है कि कुशाभाऊ जी नैतिकता, आदर्श व सिद्धांतों के प्रकाश स्तंभ थे। राष्ट्र के प्रति उनका समर्पण अटूट था। कुशाभाऊ ठाकरे ने समाज के प्रत्येक वर्ग की सुख-समृद्धि सुनिश्चित करने के उद्देश्य से काम किया। कुशाभाऊ ठाकरे जैसे निष्काम कर्मयोगी के विचार और जीवनमूल्य हमें सदैव देश सेवा के लिए प्रेरित करते रहेंगे। कार्यक्रम में धनेश कौशिक, लक्ष्मी साहू, राजकिशोर सेन, दिनेश साहू, आशा रावटे, मनोरमा साहू, सुशीला सिन्हा, उमा सिन्हा, रूखमणी सिन्हा, जसराज चोपड़ा, नितेश मगेद्र, हेमंत कौशिक, सीताराम पटेल, रामू साहू, राजेश नाग, अगेश विश्वकर्मा, हेमंत साहू, गौकरण नाग, अजीत सिन्हा, मदन मोहन शर्मा, लियाकत अली आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# एनसीसी कैडेट्स व 18 कर्मचारियों को दिया अग्नि सुरक्षा प्रशिक्षण

**कांकेर।** शासकीय नरहरदेव हायर सेकंडरी स्कूल कांकेर में कर्नल सुरेन्द्र फल्सवाल के निर्देशन में जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी संजय मिश्रा के आदेश पर 550 कालेज एवं स्कूल के एनसीसी केडेट्स तथा 18 कर्मचारियों को अग्नि सुरक्षा प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें आग क्या है, आग लगनें के कारण तथा बचाव अग्निशामक यंत्र के प्रकार तथा उपयोग, रसोई गैस सिलेंडर में आग लगने के कारण तथा बचाव का प्रशिक्षण, अग्नि शमन केंद्र प्रभारी शत्रुघन सिन्हा द्वारा प्रशिक्षण दिया गया एवं फायरमेन किशोर कुमार सुखचंद कश्यप, लुकेश दर्रा, नरेश कुमार नेताम व फरसराम कवाची द्वारा डेमो कर दिखाया गया।

# यातायात विभाग ने 9 वाहन चालकों पर की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज. कांकेर। जिले में लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं पर विराम लगाने के लिए तेज रफ्तार से दौड़ रहे वाहनों पर लगाम कसने को लेकर यातायात विभाग ने कार्यवाही प्रारंभ किया और समझाईश भी दिया गया। जिले के अलग अलग क्षेत्रो में हो रही गंभीर सड़क दुर्घटना पर लगाम लगाने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई. कल्याण ऐलेसेला के निर्देशानुसार एवं एएसपी के मार्गदर्शन में यातायात प्रभारी दीपक साव द्वारा जिले में यातायात व्यवस्था सुचारूरूप से चलाने के उद्देश्य से और सड़क दुर्घटना में कमी लाने के लिए लगातार कांकेर ट्रैफिक द्वारा ओवर स्पीड वाहनों के विरुद्ध चालानी करवाही के साथ-साथ ड्राइविंग लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्यवाही भी किया जा रहा है। राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर 28 दिसंबर को तेज रफ्तार से दौड़ रहे वाहनों की जांच किया गया और निर्धारित स्पीड से अधिक तेज चलाने वाले 9 वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 11 हजार रूपएं का समन शुल्क वसूल किया गया है।




# मोदे में महिला कल्याण विभाग ने 320 कंबलों का किया वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

महिला कल्याण विभाग रायपुर द्वारा ग्राम पंचायत मोदे में ग्रामीणों को 320 गर्म कंबलों का वितरण किया गया। ग्रामीणों ने आनंद मार्ग महिला कल्याण विभाग की टीम की सराहना की और बताया कि यह टीम प्रत्येक वर्ष गांव में पहुंचकर अपनी सेवाएं प्रदान करती है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया और कंबल पाकर अपनी खुशी व्यक्त की। यह पहल ठंड के मौसम में जरूरतमंद ग्रामीणों को राहत पहुंचाने का एक सराहनीय प्रयास है, जो महिला कल्याण विभाग के समर्पण और समाजसेवा को दर्शाता है। इस कार्यक्रम में महिला कल्याण विभाग के सदस्यों आनंद सुचिता आचार्य, आनंद कृष्णा मिश्रा आचार्य, राखी वर्मा, गंगा श्रीवासन, शांति वाणी, शांति दासे, संगीता पोमल, तारा तिवारी, दमयंती विशाल, गौरी, स्मृति सरकार, और मनहरन टिकरिया ने अपनी भागीदारी दी। इस अवसर पर ग्राम पंचायत मोदे और कापसी के सरपंच छन्नूराम सलाम, उपसरपंच चेतन नरेटी, प्रेमलाल कंवरिया और समस्त पंचगण उपस्थित रहे।



# अर्बन पीएससी में कमियों को दूर कर की जा रही एनक्वॉस की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहर के स्वास्थ्य जांच की सुदृढ़ता और नियमितता की जानकारी लेने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक ने शनिवार को अर्बन पीएससी धरमपुरा का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान निरीक्षण में जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. सी मैत्री भी शामिल रहे।

अर्बन पीएससी धरमपूरा में मरीजों को दी जा रही स्वास्थ्य सुविधा की जानकारी लेते हुए इंचार्ज डॉ. बेविन सुनील चाको से विस्तृत चर्चा उपरांत सभी वार्ड का निरीक्षण किया। साथ ही आगामी दिनों में अर्बन पीएचसी का इंक्वास मूल्यांकन होने के कारण की जा रही तैयारी का जायजा लिया। जिले के परिवार एवं कल्याण सलाहकार प्रसन्ना द्वारा इस संदर्भ में की जा रही तैयारी से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को अवगत कराया। अर्बन पीएससी धरमपुरा के रजिस्ट्रेशन कक्ष, महिला एवं पुरुष आंतरिक भर्ती कक्ष, लैबोरेट्री, औषधि वितरण कक्ष, स्टोर और डिलीवरी रूम, टीकाकरण रूम की जानकारी मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा उपलब्ध कर्मचारियों से ली गई और पाई जा रही कमियों को तत्काल दूर करते हुए एनक्वॉस मूल्यांकन हेतु आवश्यक तैयारियां की जानकारी दी।



# हाउसिंग बोर्ड अदा करेगा 1.60 लाख की क्षतिपूर्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

जिला उपभोक्ता आयोग द्वारा शुक्रवार को एक प्रकरण में आवेदक को हाउसिंग बोर्ड जगदलपुर द्वारा एक लाख 60 हजार रूपए की क्षतिपूर्ति और मानसिक पीड़ा हेतु 5 हजार रूपए अदा करेगा। जिला उपभोक्ता आयोग की अध्यक्ष सुजाता जसवाल, सदस्य आलोक कुमार दुबे और सीमा गोलछा की संयुक्त खंडपीठ ने उक्त आदेश जारी किया। न्यायालयीन सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार कि ग्राम कुरंदी निवासी आवेदक कमलेश कुमार निर्मलकर द्वारा ग्राम कोतापाल जिला बीजापुर में अटल विहार योजना अंतर्गत भवन क्रय करने हेतु वर्ष 2021 में हाउसिंग बोर्ड के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर, पंजीयन के रूप में 25 हजार रूपए की राशि अदा की गई थी। जिसके आधार पर हाउसिंग बोर्ड द्वारा आवेदक को भवन का आबंटन किया गया था। आवेदक द्वारा हाउसिंग बोर्ड की शर्तों का पालन करते हुए एक लाख चौहत्तर की राशि अदा की गई थी। आवेदक द्वारा भवन क्रय करने हेतु ऋण प्राप्त करने के लिए एसबीआई के लोन मेला बीजापुर में आवेदन प्रस्तुत किया गया था। इसके बाद भी ऋण स्वीकृत न होने के कारण आवेदक भवन क्रय करने हेतु दूसरी किश्त की राशि अदा करने में असमर्थ था। आवेदक द्वारा इसकी सूचना हाउसिंग बोर्ड को देकर नियमानुसार जमा की गई धनराशि में से पंजीयन शुल्क में से 50 फीसदी की धनराशि की कटौती कर शेष राशि आवेदक को दिए जाने का निवेदन किया था।

# चैम्बर के शिविर में 30 यूनिट रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर चेंबर ऑफ कॉमर्स के भवन में जूनियर बस्तर चेंबर ऑफ कॉमर्स एवं महारानी अस्पताल के सहयोग से वृहद रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में दोपहर लगभग 3 बजे तक लगभग 30 यूनिट ब्लड दान किया जा चुका था। जूनियर चैम्बर अध्यक्ष निशांत जैन द्वारा जानकारी दी गई की शिविर में 50 यूनिट तक रक्तदान करवाने का प्रयास किया जाएगा। जूनियर चैंबर ऑफ कॉमर्स के इस प्रशंसानीय प्रयास को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक एवं जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. सी मैत्री, लैब टेक्नीशियन के नोडल अधिकारी महेंद्र पांडे, जिला मीडिया प्रभारी शकील खान द्वारा चेंबर भवन का दौरा किया गया। शिविर में जिला अस्पताल के ब्लड बैंक की प्रभारी डॉ. डीके रात्रे, कु. रोमा की अपनी पूरी टीम के साथ शिविर में उपस्थित रहकर अपनी सेवाएं दी। शिविर में जूनियर चैंबर ऑफ कॉमर्स के उपाध्यक्ष रोहित खत्री, सचिव देवेश सोनी, कोषाध्यक्ष वेंकटेश्वर राव, सह सचिव शिशिर झा, सोशल मीडिया प्रभारी आदर्श दलाई अपने सभी साथियों के साथ उपस्थित रहकर शिविर का सफल सफल संचालन किया।

- बस्तर जूनियर चैम्बर ऑफ कॉमर्स का आयोजन




online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 19,500/-
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
27 अप्रैल से 10 मई 2025, 30 अप्रैल से 13 मई 2025
03 मई से 16 मई 2025, 08 मई से 21 मई 2025
11 मई से 24 मई 2025, 14 मई से 27 मई 2025,
19 मई से 01 जून 2025, 22 मई से 04 जून 2025,
25 मई से 07 जून 2025, 30 मई से 12 जून 2025,
02 जून से 15 जून 2025, 05 जून से 18 जून 2025,
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें - 7354411411
राशि:-स्लीपर-19,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करे।
संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport